दैनिक समाचार पत्र

# जीत समाचार

जीत सच्ची खबर की

दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश

वर्ष : 13 | अंक : 261 | मूल्य : 2 रू | पृष्ठ : 8

सोमवार
8 जून 2026

RNI NO : PUNHIN/2013/60106 | www.zeetsamachar.com


## अनमोल वचन

"आपको कोई पढ़ा नहीं पायेगा, कोई आध्यात्मिक नही बना सकेगा, यह आपको स्वयं करना है आत्मा से बड़ा गुरु कोई नही हैं।"

## आज का तापमान

अधिकतम -41 डिग्री सेल्सियस
न्यूनतम -29 डिग्री सेल्सियस
सूर्य अस्त(आज) -7:17
सूर्य उदय(कल) - 5:12

## संक्षिप्त न्यूज

### प्रधानमंत्री मोदी ने मेजर अभिलाषा बराक को संयुक्त राष्ट्र सैन्य लैंगिक समानता अधिवक्ता पुरस्कार से सम्मानित किए जाने पर बधाई दी

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेजर अभिलाषा बराक को संयुक्त राष्ट्र सैन्य लैंगिक समानता अधिवक्ता पुरस्कार से सम्मानित किए जाने पर बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि यह सम्मान मेजर बराक की उत्कृष्ट सेवा और संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनों में भारत के लंबे योगदान को मान्यता देता है। साथ ही कहा कि यह उपलब्धि देश की अनेक युवा बेटियों और युवाओं के लिए प्रेरणा है।

मेजर अभिलाषा बराक, वर्तमान में लेबनान में संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन में एंगेजमेंट टीम कमांडर और लैंगिक मामलों की प्रमुख अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं। उन्हें यह पुरस्कार संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतरश ने न्यूयॉर्क में प्रदान किया।

मेजर बराक भारतीय सेना की पहली महिला लड़ाकू हेलीकॉप्टर पायलट भी हैं और यह प्रतिष्ठित सम्मान पाने वाली तीसरी भारतीय अधिकारी हैं। इनसे पहले, मेजर सुमन गवानी को वर्ष 2019 और मेजर राधिका सेन को वर्ष 2023 में यह पुरस्कार मिल चुका है।

### विश्व पोहा दिवसः शेफ विष्णु मनोहर ने लगभग 3000 किलोग्राम तरी पोहा तैयार कर विश्व रिकॉर्ड बनाया



नई दिल्ली। आज विश्व पोहा दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर महाराष्ट्र के नागपुर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मशहूर शेफ विष्णु मनोहर ने लगभग तीन हजार किलोग्राम तरी पोहा तैयार कर विश्व रिकॉर्ड बनाया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और उन्हें निःशुल्क तरी पोहा परोसा गया। तरी पोहा नागपुर का एक लोकप्रिय व्यंजन है, जिसमें पोहे के साथ मसालेदार चने की तरी परोसी जाती है। यह व्यंजन नागपुर की खानपान संस्कृति की विशेष पहचान माना जाता है।

## राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय महिला फुटबॉल टीम को सैफ चौंपियनशिप 2026 जीतने पर बधाई दी




नई दिल्ली (एजेंसी)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय महिला फुटबॉल टीम को सैफ चौंपियनशिप 2026 जीतने पर बधाई दी है। भारत ने कल गोवा के मडगांव में खेले गए फाइनल में मौजूदा चौंपियन बांग्लादेश को 3-1 से हराकर रिकॉर्ड छठी बार खिताब अपने नाम किया।

राष्ट्रपति ने कहा कि खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन कौशल, दृढ़ संकल्प और टीम भावना का प्रदर्शन किया। उन्होंने विश्वास जताया कि टीम की यह सफलता देशभर की युवा खिलाड़ियों को आत्मविश्वास और साहस के साथ अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित करेगी।

उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने कहा कि यह उपलब्धि भारत में महिला फुटबॉल की बढ़ती ताकत को दर्शाती है और देश के उभरते खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। उन्होंने इसे देश के लिए गर्व का क्षण बताया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने टीम के शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि यह जीत आने वाले समय में और अधिक युवाओं को फुटबॉल खेलने के लिए प्रोत्साहित करेगी। उन्होंने खिलाड़ियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएँ भी दीं।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी भारतीय महिला फुटबॉल टीम को रिकॉर्ड छठी बार सैफ चौंपियनशिप जीतने पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि इस सफलता से देश भर के युवा खिलाड़ियों को प्रेरणा मिलेगी। श्री सिंह ने सभी खिलाड़ियों को निरंतर सफलता और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने भी भारतीय महिला टीम को बधाई देते हुए इसे भारतीय फुटबॉल के लिए गर्व का क्षण बताया।

## आंध्र प्रदेश सरकार ने योगांध्र-2026 अभियान की शुरूआत की



आंध्र प्रदेश(एजेंसी। लेंआंध्र प्रदेश सरकार ने आज योगांध्र-2026 अभियान की शुरूआत की। इसका उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पहले योग और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना है। 14 दिवसीय इस अभियान का समापन 21 जून को अमरावती में भव्य आयोजन के साथ होगा। इस अभियान के दौरान विभिन्न योग गतिविधियों के माध्यस से 1 करोड़ लोगों तक पहुंचने का लक्ष्य तय किया गया है। इसके लिए गांव, मंडल और जिला योग सत्र तथा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने लोगों से योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने और इस अभियान को जन-आंदोलन का रूप देने का आह्वान किया है।

## उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शहीद लेफ्टिनेंट बीरेश्वर गोस्वामी को श्रद्धांजलि अर्पित की



जम्मू-कश्मीर(एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने राजौरी में आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान शहीद हुए सेना के अधिकारी लेफ्टिनेंट बीरेश्वर गोस्वामी को श्रद्धांजलि अर्पित की। जम्मू वायुसेना स्टेशन पर पूरे सैन्य सम्मान के साथ उन्हें अंतिम विदाई दी गई। लेफ्टिनेंट गोस्वामी का राजौरी जिले में अभियान के दौरान एक गहरी खाई में गिरने से निधन हो गया था। वे पाकिस्तानी आतंकवादियों की तलाश के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन शेरूवाली का हिस्सा थे।

## आर्मेनिया में संसदीय चुनावों के लिए मतदान जारी



आर्मेनिया(एजेंसी)। आर्मेनिया में संसदीय चुनावों के लिए मतदान जारी है, जिसमें सत्ताधारी सरकार पश्चिम देशों के साथ संबंधों को मजबूत करने और रूस पर अपनी निर्भरता कम करने के लिए जनादेश प्राप्त करना चाहती है। प्रधानमंत्री निकोल पाशिन्यान और उनकी सत्तारूढ़ सिविल कॉन्ट्रैक्ट पार्टी ने इसी मुद्दे पर चुनाव प्रचार किया। उधर, कई विपक्षी पार्टियां रूस के साथ घनिष्ठ संबंधों का समर्थन करती हैं।

वर्ष 2018 में सत्ता संभालने के बाद से, श्री पाशिन्यान ने आर्मेनिया को यूरोपीय संघ के करीब लाये और अमरीका की मध्यस्थता से हुए समझौते के माध्यम से पड़ोसी देश अजरबैजान के साथ शांति प्रक्रिया को आगे बढ़ाया है।

श्री पाशिन्यान ने वोट डालने के बाद कहा कि यूरोपीय संघ लोकतांत्रिक सुधारों में आर्मेनिया का प्रमुख भागीदार बना हुआ है और उन्होंने इस पर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने यह भी कहा कि रूस के साथ संबंध आपसी सम्मान और संस्थागत सहयोग पर आधारित हैं।

## भारत-इंडोनेशिया संयुक्त आयोग की बैठक नई दिल्ली में जारी



नई दिल्ली(एजेंसी)। नई दिल्ली में भारत-इंडोनेशिया संयुक्त आयोग की बैठक चल रही है। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और इंडोनेशिया के विदेश मंत्री सुगिओनो बैठक की सह-अध्यक्षता कर रहे हैं। डॉ. जयशंकर ने कहा कि दोनों देशों के बीच संयुक्त आयोग की बैठक चार साल के अंतराल के बाद हो रही है और यह मानना होगा कि इस दौरान द्विपक्षीय संबंधों में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों ने पिछले वर्ष द्विपक्षीय संबंधों की स्थापना के 75 वर्ष पूरे करने का उत्सव मनाया है। डॉ. जयशंकर ने कहा कि वे राजनीतिक, रक्षा, सुरक्षा, समुद्री, व्यापार और निवेश, स्वास्थ्य, फार्मास्यूटिकल्स, खाद्य सुरक्षा, पर्यटन, शिक्षा और सांस्कृतिक सहयोग सहित द्विपक्षीय सहयोग के सभी पहलुओं पर गहन चर्चा के लिए उत्सुक हैं।

भारत-इंडोनेशिया संयुक्त आयोग की 8वीं बैठक में दोनों देशों के बीच मजबूत व्यापक रणनीतिक साझेदारी की समीक्षा की जाएगी और द्विपक्षीय सहयोग को और गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की जाएगी।

## दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ने हान सियोंग सूक को देश के अगले प्रधानमंत्री पद के लिए नामित किया



दक्षिण कोरिया(एजेंसी)। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जय मियुंग ने वर्तमान लघु तथा मध्यम उद्यम मंत्री हान सियोंग सूक को देश के अगले प्रधानमंत्री पद के लिए नामित किया है। राष्ट्रपति के चीफ ऑफ स्टाफ कांग हून सिक ने इसकी घोषणा करते हुए उनके प्रौद्योगिकी क्षेत्र में व्यापक अनुभव की सराहना की।

नेशनल असेम्बली से मंजूरी मिलने के बाद हान प्रशासन के अंतर्गत पहली महिला प्रधानमंत्री बनेंगी। इससे पहले हान मियोंग सूक वर्ष 2006 से 2007 तक प्रधानमंत्री के पद पर कार्य कर चुकी हैं। यह नामांकन ऐसे समय में हुआ है जब खबरों के अनुसार प्रधानमंत्री किम मिन सियोक अपने पद से इस्तीफा देने वाले हैं।

## पश्चिम बंगाल आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना लागू करने वाला 36वां राज्य बनेगा

पश्चिम बंगाल(एजेंसी)। पश्चिम बंगाल आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना लागू करने वाला देश का 36वां राज्य बनने जा रहा है। इस संबंध में राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण और पश्चिम बंगाल सरकार के बीच कल नई दिल्ली में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाएंगे।

इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे. पी. नड्डा और पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी उपस्थित रहेंगे। आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्र परिवारों को प्रति वर्ष पांच लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा कवर प्रदान किया जाता है। योजना के लागू होने से राज्य के लाखों लोगों को बेहतर और किफायती स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सकेगा।

## अमरीका: टोलेडो में सामुदायिक उत्सव के दौरान गोलीबारी, 12 लोग घायल

अमरीका(एजेंसी)। अमरीका में, ओहियो के टोलेडो में एक लोकप्रिय सामुदायिक उत्सव के दौरान गोलीबारी में 12 लोग घायल हो गए, जिनमें से दो की हालत गंभीर है। स्थानीय मीडिया के अनुसार, यह घटना ओल्ड वेस्ट एंड फेस्टिवल के पास हुई। यह एक दो दिवसीय वार्षिक कार्यक्रम है जो लाइव संगीत प्रस्तुतियों और ऐतिहासिक घरों के भ्रमण के लिए जाना जाता है। पुलिस ने संदिग्धों की तलाश शुरू कर दी है। ओहियो के गवर्नर माइक डेवाइन ने घटना पर चिंता व्यक्त की है और कहा है कि प्रशासन की स्थिति पर कड़ी नजर है।

## झारखंड से आमों की पहली खेप ब्रिटेन भेजी गई

झारखंड(एजेंसी)। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण ए पी ई डी ए ने झारखंड के आम्रपाली आमों की पहली वाणिज्यिक खेप के ब्रिटेन निर्यात को सुगम बनाया है। इस खेप में सिमडेगा जिले की बेउरा किसान उत्पादक कंपनी लिमिटेड से प्राप्त 1.5 मीट्रिक टन ताजे आम शामिल हैं।



वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने झारखंड में महिला नेतृत्व वाली किसान उत्पादक संस्था के उगाए आम्रपाली आमों के ब्रिटेन निर्यात को लोकल गोज ग्लोबल का एक बेहतरीन उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि एपीईडीए के निरंतर प्रयासों से किसानों को बेहतर मूल्य मिल रहा है, महिलाओं को नए अवसर और पहचान मिल रही है तथा भारत के कृषि निर्यात को नई गति मिल रही है।

## अमरीकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने यूरोपीय देशों पर प्रवासियों को प्रवेश देने का आरोप लगाया



अमरीका(एजेंसी)। अमरीका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने आव्रजन को लेकर यूरोपीय देशों की आलोचना की है और प्रवासियों को अपने यहां आने की अनुमति देने का आरोप लगाया है। फ्रांस में नॉर्मंडी लैंडिंग की वर्षगांठ के अवसर पर हेगसेथ ने कहा कि विभिन्न खतरनाक विचारधारा के लोग यूरोप के अलग-अलग तटों पर पहुंच रहे हैं। उन्होंने सवाल किया कि आव्रजन की समस्या पर यूरोपीय देश कब कार्रवाई करेंगे।

अवैध प्रवासन पूरे यूरोप में एक प्रमुख राजनीतिक मुद्दा बन गया है और सख्त आव्रजन नीतियां अपनाने वाले दलों को जनमत सर्वेक्षणों में भरपूर समर्थन मिल रहा है।

अमरीका में ट्रंप प्रशासन की प्राथमिकताओं में आव्रजन प्रमुख है। जनवरी 2025 से अमरीकी आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन विभाग ने आव्रजन के सिलसिले हजारों गिरफ्तारियां की हैं।

## महाराष्ट्र सरकार वर्षा की स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए है : सीएम देवेंद्र फडणवीस

महाराष्ट्र(एजेंसी)। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा है कि राज्य सरकार वर्षा की स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए है और किसानों के हितों की रक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रही है। नागपुर में मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि इस वर्ष सामान्य वर्षा का अनुमान है, लेकिन एल-नीनो के प्रभाव के कारण मराठवाड़ा, पश्चिम विदर्भ और उत्तर महाराष्ट्र के कुछ इलाकों में कम वर्षा हो सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि किसानों को समय-समय पर आवश्यक सलाह दी जा रही है और फसल नुकसान को कम करने के प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि उन्हें दोबारा बुवाई न करनी पड़े।



# पलवल में पहली बार 'साइकिल ऑन संडे' का आयोजन: खेल मंत्री गौरव गौतम ने दिया 'फिट इंडिया-फिट हरियाणा' का मंत्र







जीत समाचार पलवल(ब्यूरो)। विश्व साइकिल दिवस के उपलक्ष्य में पलवल में पहली बार श्साइकिल ऑन संडेश का शानदार आयोजन किया गया। इस साइक्लोथॉन में युवाओं, खिलाड़ियों और आम नागरिकों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने शिरकत की और शहरभर में निकाली गई साइकिल यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### स्वस्थ समाज ही राष्ट्र की मजबूती का आधार

इस अवसर पर खेल मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि एक स्वस्थ शरीर ही स्वस्थ समाज, प्रदेश और राष्ट्र की मजबूत नींव है। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि वे अपनी दिनचर्या में साइकिलिंग जैसे व्यायाम को शामिल करें ताकि श्फिट इंडिया-फिट हरियाणाश के संकल्प को साकार किया जा सके।

### खेलों के विस्तार और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

साइकिल यात्रा के बाद नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम पहुंचे खेल मंत्री ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने स्टेडियम में खेल सुविधाओं के विस्तार की महत्वपूर्ण घोषणा की, जिससे क्षेत्र के खिलाड़ियों को बेहतर अवसर मिल सकें।

### युवाओं के साथ खेले वॉलीबॉल और क्रिकेट

खेलों के प्रति युवाओं में जोश भरने के लिए खेल मंत्री ने स्वयं मैदान में उतरकर वॉलीबॉल और क्रिकेट खेला। उन्होंने युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार खेलों को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों को हरसंभव सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य हरियाणा को खेलों का हब बनाना है।

इस आयोजन ने न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाई, बल्कि खेल और पर्यावरण प्रेम के अनूठे मेल के साथ शहर में एक नई ऊर्जा का संचार किया।

# प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार-2027 असाधारण प्रतिभा वाले बच्चों से नामांकन आमंत्रित, 31 जुलाई तक करें आवेदन

जीत समाचार हरियाणा। केंद्र सरकार ने 'प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार-2027' के लिए योग्य और असाधारण प्रतिभा के धनी बच्चों से नामांकन आमंत्रित किए हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए उपायुक्त डा. जयेंद्र सिंह छिल्लर ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी या उनके अभिभावक 31 जुलाई 2026 तक आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

### छह श्रेणियों में मिलेगा राष्ट्रीय सम्मान

यह प्रतिष्ठित पुरस्कार बच्चों की असाधारण उपलब्धियों को सम्मानित करने के लिए दिया जाता है। पुरस्कार के लिए निम्नलिखित छह श्रेणियां निर्धारित की गई हैं।वीरता, खेल, विज्ञान, पर्यावरण, समाज सेवा, कला एवं संस्कृति ।

### केवल ऑनलाइन नामांकन होंगे मान्य

उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि इस वर्ष केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल https://awards-gov-in के माध्यम से प्राप्त नामांकन ही स्वीकार किए जाएंगे। ऑफलाइन या किसी अन्य माध्यम से भेजी गई अनुशंसाएं मान्य नहीं होंगी। उन्होंने संबंधित अभिभावकों और संस्थानों से अपील की है कि वे समय सीमा का ध्यान रखें और निर्धारित तिथि से पहले अपनी प्रविष्टियां ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड कर दें।

यह पुरस्कार राष्ट्र के होनहार और प्रतिभाशाली बच्चों को प्रोत्साहित करने का एक उत्कृष्ट मंच है, जिससे उन्हें अपने संबंधित क्षेत्रों में और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिलती है।




# पांडुलिपियों में छिपा इतिहास अब लेगा डिजिटल रूप: संस्कृति मंत्रालय का 'ज्ञान भारत्' मिशन शुरू

जीत समाचार हरियाणा । भारतीय संस्कृति और इतिहास की अमूल्य धरोहरों को सहेजने की दिशा में संस्कृति मंत्रालय ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 'ज्ञान भारत्' मिशन की शुरूआत की है। इस मिशन का उद्देश्य देश की दुर्लभ पांडुलिपियों को डिजिटल रूप में सुरक्षित करना और उनका एक व्यापक डेटाबेस तैयार करना है।

### प्राचीन विरासत के संरक्षण में दें योगदान

अतिरिक्त उपायुक्त उत्सव आनंद ने जिलेवासियों से इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर योगदान देने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह मिशन हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए इतिहास को सुरक्षित रखने का एक बेहतरीन अवसर है। यदि किसी नागरिक के पास 75 वर्ष से अधिक पुरानी पांडुलिपियों का संग्रह है, तो वे इसे साझा कर इस राष्ट्रव्यापी मुहिम का हिस्सा बन सकते हैं।15 जून तक जारी है सर्वेक्षण

'ज्ञान भारत्' मिशन के तहत वर्तमान में दुर्लभ पांडुलिपियों का सर्वेक्षण कार्य चल रहा है, जो 15 जून तक जारी रहेगा। इस दौरान आम नागरिक अपनी पांडुलिपियों की जानकारी आधिकारिक वेबसाइट या मोबाइल ऐप के माध्यम से आसानी से साझा कर सकते हैं।

### इतिहास को मिलेगा डिजिटल संरक्षण

डिजिटलीकरण की इस प्रक्रिया से न केवल पांडुलिपियां भौतिक रूप से नष्ट होने से बचेंगी, बल्कि शोधकर्ताओं और विद्यार्थियों के लिए इतिहास के ये दुर्लभ स्रोत आसानी से ऑनलाइन उपलब्ध हो सकेंगे। प्रशासन ने आमजन से आग्रह किया है कि वे अपने घर या पूर्वजों से प्राप्त ऐतिहासिक दस्तावेजों की जानकारी साझा कर संस्कृति संरक्षण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।






दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की
www.zeetsamachar.com सोमवार, 8 जून 2026

# सम्पादकीय

## संपादकीयः संपादक की कलम से

# जनता की तीसरी आँख

एक बहुत ही शक्तिशाली विचार है। आज के समय में, जब सूचनाओं की भरमार है, यह वाक्यांश जिम्मेदारी, निडरता और जागरूकता का प्रतीक बन जाता है।

मुख्य संदेश (संपादकीय दृष्टिकोण)
आज की पत्रकारिता केवल सूचना देने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यवस्था की खामियों को देखने वाली 'जनता की तीसरी आँख' बन गई है। यह आँख सोती नहीं हैय यह सवाल पूछती है, यह जिम्मेदारी तय करती है और यह सच को सामने लाने से नहीं डरती। हम (जीत समाचार) आपकी वही आँख हैं जो सत्ता के गलियारों से लेकर समाज के अंतिम व्यक्ति की समस्याओं तक को स्पष्ट देख पा रही है।

सोशल मीडिया के लिए विचार (कैप्शन के रूप में)
विकल्प।सत्य कड़वा हो सकता है, लेकिन 'जनता की तीसरी आँख' उसे छिपाती नहीं। हम हर उस खबर के साथ खड़े हैं जो व्यवस्था को आईना दिखाती है।जीतसमाचार :जनता की तीसरी आँख
विकल्प : क्या आप देख रहे हैं जो हो रहा है? 'जनता की तीसरी आँख' केवल देखती नहीं, परखती भी है।जागरूक बनिए, सवाल पूछिए।

जनता को जोड़ने का आह्वान
आज 'जनता की तीसरी आँख' को आपकी मदद की जरूरत है। अपने आसपास हो रहे अन्याय, अनदेखी समस्याओं या सकारात्मक बदलावों की सूचना हमें भेजें। आपकी आवाज, हमारा मंच। आइए मिलकर सच को उजागर करें।

एक संपादक के लिए सुझावः
चूंकि आप कांगड़ा और आसपास के क्षेत्रों में सक्रिय हैं, आप इस वाक्यांश को स्थानीय मुद्दों से जोड़ सकते हैं।उदाहरण के लिए:
सड़कों की बदहाली से लेकर सरकारी दफ्तरों के भ्रष्टाचार तक, 'जनता की तीसरी आँख' अब सब देख रही है। कांगड़ा और हिमाचल के विकास में अब किसी भी लापरवाही की गुंजाइश नहीं है।

कमल पवार

## अक्लमंद हंस

एक बहुत बडा विशाल पेड था। उस पर बीसीयों हंस रहते थे। उनमें एक बहुत स्याना हंस था,बुद्धिमान और बहुत दूरदर्शी। सब उसका आदर करते 'ताऊ' कहकर बुलाते थे। एक दिन उसने एक नन्ही-सी बेल को पेड के तने पर बहुत नीचे लिपटते पाया। ताऊ ने दूसरे हंसों को बुलाकर कहा ''देखो,इस बेल को नष्ट कर दो। एक दिन यह बेल हम सबको मौत के मुंह में ले जाएगी''

एक युवा हंस हंसते हुए बोला ''ताऊ, यह छोटी-सी बेल हमें कैसे मौत के मुंह में ले जाएगी?''

स्याने हंस ने समझाया ''आज यह तुम्हें छोटी-सी लग रही हैं। धीरे-धीरे यह पेड के सारे तने को लपेटा मारकर ऊपर तक आएगी। फिर बेल का तना मोटा होने लगेगा और पेड से चिपक जाएगा, तब नीचे से ऊपर तक पेड पर चढने के लिए सीढी बन जाएगी। कोई भी शिकारी सीढी के सहारे चढकर हम तक पहुंच जाएगा और हम मारे जाएंगे।''

दूसरे हंस को यकीन न आया''एक छोटी सी बेल कैसे सीढी बनेगी?''

तीसरा हंस बोला''ताऊ, तु तो एक छोटी-सी बेल को खींचकर ज्यादा ही लम्बा कर रहा है''

एक हंस बडबडाया ''यह ताऊ अपनी अक्ल का रौब डालने के लिए अंट-शंट कहानी बना रहा हैं''

इस प्रकार किसी दूसरे हंस ने ताऊ की बात को गंभीरता से नहीं लिया। इतनी दूर तक देख पाने की उनमें अक्ल कहां थी?

समय बीतता रहा। बेल लिपटते-लिपटहते ऊपर शाखों तक पहुंच गई। बेल का तना मोटा होना शुरू हुआ और सचमुच ही पेड के तने पर सीढी बन गई। जिस पर आसानी से चढा जा सकता था। सबको ताऊ की बात की सच्चाई सामने नजर आने लगी। पर अब कुछ नहीं किया जा सकता था क्योंकि बेल इतनी मजबूत हो गई थी कि उसे नष्ट करना हंसों के बस की बात नहीं थी। एक दिन जब सब हंस दाना चुगने बाहर गए हुए थे तब एक बहेलिआ उधर आ निकला। पेड पर बनी सीढी को देखते ही उसने पेड पर चढकर जाल बिछाया और चला गया। सांझ को सारे हंस लौट आए पेड पर उतरे तो बहेलिए के जाल में बुरी तरह फंस गए। जब वे जाल में फंस गए और फडफडाने लगे, तब उन्हें ताऊ की बुद्धिमानी और दूरदर्शिता का पता लगा। सब ताऊ की बात न मानने के लिए लज्जित थे और अपने आपको कोस रहे थे। ताऊ सबसे रूष्ट था और चुप बैठा था।

एक हंस ने हिम्मत करके कहा''ताऊ, हम मूर्ख हैं, लेकिन अब हमसे मुंह मत फेरो।''

दूसरा हंस बोला''इस संकट से निकालने की तरकीब तू ही हमें बता सकता हैं। आगे हम तेरी कोई बात नहीं टालेंगे'' सभी हंसों ने हामी भरी तब ताऊ ने उन्हें बताया''मेरी बात ध्यान से सुनो। सुबह जब बहेलिया आएगा, तब मुर्दा होने का नाटक करना। बहेलिया तुम्हें मुर्दा समझकर जाल से निकाल कर जमीन पर रखता जाएगा। वहां भी मरे समान पडे रहना। जैसे ही वह अन्तिम हंस को नीचे रखेगा, मैं सीटी बजाऊंगा। मेरी सीटी सुनते ही सब उड जाना''

सुबह बहेलिया आया। हंसो ने वैसा ही किया, जैसा ताऊ ने समझाया था। सचमुच बहेलिया हंसों को मुर्दा समझकर जमीन पर पटकता गया। सीटी की आवाज के साथ ही सारे हंस उड गए। बहेलिया अवाक होकर देखता रह गया।

**सीखः** बुद्विमानों की सलाह गंभीरता से लेनी चाहिए।

# जीत समाचार राशिफल

वैदिक ज्योतिष शास्त्र, वास्तु शास्त्र, अंक शास्त्र, सामुद्रिक शास्त्र, लाल किताब, हस्त रेखा, जन्म कुण्डली विश्लेषण और रत्नों की जानकारी के लिऐ आप सम्पर्क कर सकते हैं. 93186 82393, 70187 97214.
दिव्या दीप ज्योतिष कार्यालय
bawjiastrology@gmail-com

### जय श्री गणेश

दिनांक : 08 जून 2026, सोमवार

## आज का राशिफल

### आज का पंचांग

तिथि : अष्टमी 03:26 एएम नक्षत्र : शतभिषा 09:10 एएम
करण बालवः03:32पीएम पक्षःकृष्ण योग विष्कुम्भ : 09:27एएम
चन्द्रमा कुम्भ 03:37 एएम राहुकाल 07:07 - 08:51 एएम
विक्रमी संवत् 2083 शक सम्वत 1948(पराभव)
मास अमांत ज्येष्ठ (अधिक) मास पूर्णिमांत ज्येष्ठ (अधिक)
शुभ मुहूर्त : अभीजित : 11:52 - 12:47

### मेष राशि
अपनी बातों से लोगों को आकर्षित करेंगे. प्रियजन के साथ समय का सदुपयोग होगा. वाद-विवाद से मानसिक कष्ट बढ़ेगा. बच्चों के व्यवहार से मन में निराशा होगी.

### वृष राशि
पारिवारिक सुख व धन बढ़ेगा. वाणी पर संयम रखें. आज कहीं से रुका धन मिलने के योग बन सकते हैं.

### मिथुन राशि
निजी जीवन में कठोर निर्णय लेने होंगे. आज पारिवारिक सुख व धन बढ़ेगा. वाणी पर संयम रखें.

### कर्क राशि
अपने करियर को लेकर चिंतित रहेंगे. नए काम में शीघ्रता नहीं करें. पारिवारिक जिम्मेदारियों का निर्वाह बखूबी कर पाएंगे.

### सिंह राशि
व्यस्त रहें और मस्त रहें. शनिदेव की ढैय्या चल रही है. आज अनावश्यक रूप से व्यय बढ़ सकते हैं.

### कन्या राशि
आप दूसरों की बातों पर जल्द विश्वास कर लेते हैं. आज आर्थिक योग प्रबल है. सामाजिक कार्यो से सुयश एवं प्रभाव में वृद्वि हो सकती है. कार्यस्थल पर किसी नई योजना के बारे में चर्चा होगी.

### तुला राशि
आज का दिन अच्छा रहेगा. दूसरों के हित के लिए आप सदैव तत्पर रहते हैं. पर आप को लोगों से निराशा जनक व्यवहार मिलेगा. व्यापार में लाभ होगा. सरकारी कामों में सफलता मिलेगी.

### वृश्चिक राशि
आपकी सूझबूझ और दूरदर्शिता से व्यापार में लाभ होगा. दोस्तों का सहयोग एवं समर्थन मिलेगा. राजनीति में नए संबंध लाभ दायी सिद्व होंगे.

### धनु राशि
क्रोध की अधिकता रहेगी. परिवार में उत्सव का माहौल रहेगा. व्यापार व्यवसाय पर ध्यान नहीं दे रहे हैं. निजी जीवन में व्यस्तता बनी रहेगी.

### मकर राशि
घर गृहस्थी की भागदौड़ में व्यस्त रहेंगे. आप अपना संपर्क बढ़ाने के प्रयास करेंगे. आज का आर्थिक निवेश लाभकारी रहेगा. धन संबंधी काम पूरे होंगे. मानसिक शांति की तलाश में अध्यात्म से जुडने का अवसर मिलेगा.

### कुम्भ राशि
दूसरों की जीवनशैली देखकर अपना रहन-सहन बदलने के प्रयास करेंगे. व्यापारिक स्थिति आशाजनक रहेगी. जीवनसाथी की भावनाओं को समझें और उन्हें भी समय दें. परोपकार करके मानसिक सुख अर्जित करेंगे.

### मीन राशि
अपने काम करने के तरीकों को बदलें. घर की साज-सज्जा पर भारी खर्च होने की संभावना है. आज कर्ज लेने से बचना चाहिए. व्यापार में नई योजनाओं का प्रारंभ होगा.

जीत समाचार TV
जीत सच्ची ख़बर की

जीत समाचार को हर जिले, शहर आदि से रिपोर्ट की आवश्यकता है। यदि आप में है दम तो मौका देगे हम! जीत समाचार आपकी तीसरी आँख बन कर आपका मार्गदर्शन करेगा। आप के शहर मे कोई ऐसी खबर हो तो आप हमारी अखबार व टीवी में दिखाना चाहते है तो सम्पर्क करे।
9041090470

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची ख़बर की

मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक : कमल पवार द्वारा 11368, पवित्र नगर, बालिया कालोनी हैबोवाल कलां, लुधियाना से प्रकाशित एंव जीत लुधियाना प्रिंटर्स हैबोवाल लुधियाना से मुद्रित।
सम्पादक : कमल पवार इस अंक मे प्रकाशित एंव समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा उत्पन्न समस्त विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होगे।
R.N.I NO. PUN/HIN/2013/60106
Contact us :- +91-98030-25111.

# डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन ऑफिसर डॉ. हिमांशु अग्रवाल ने सीनियर अधिकारियों के साथ पोलिंग बूथ पर स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन कैंप का रिव्यू किया

**–पटियाला जिले के 1786 पोलिंग स्टेशनों पर लगे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन कैंप के दौरान बीएलओ मौजूद रहे**



जीत समाचार पटियाला। पटियाला डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन ऑफिसर-कम-डिप्टी कमिश्नर डॉ. हिमांशु अग्रवाल ने आज इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया के निर्देशों के अनुसार प्री- स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के दौरान वोटरों की मैपिंग और वेरिफिकेशन के लिए जिले के 1786 पोलिंग स्टेशनों पर लगाए गए स्पेशल कैंप का रिव्यू किया।

लोकसभा सीट पटियाला के पोलिंग स्टेशनों पर स्पेशल वोटर अवेयरनेस और मैपिंग कैंपेन के तहत पांच पोलिंग बूथ का इंस्पेक्शन करते हुए डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि चीफ इलेक्शन ऑफिसर पंजाब श्रीमती अनिंदिता मित्रा के निर्देशों के अनुसार, आज लगे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन कैंप के दौरान वोटर मैपिंग और वेरिफिकेशन की सुविधाएं दी गई हैं। उन्होंने कहा कि इस मौके पर सभी बूथ लेवल ऑफिसर सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक अपने-अपने पोलिंग स्टेशनों पर मौजूद थे ताकि लोगों को उनकी वोटर डिटेल्स चेक करने और वोटर रोल से जुड़े मामलों को हल करने में मदद मिल सके।

डॉ. हिमांशु अग्रवाल ने कहा कि मौजूदा वोटर रोल में रजिस्टर्ड वोटरों का 2003 की वोटर रोल से मिलान करने की प्रक्रिया के तहत, लगभग 84 प्रतिशत वोटरों की मैपिंग हो चुकी है। बाकी 16 प्रतिशत वोटरों के रजिस्ट्रेशन और वेरिफिकेशन के लिए चीफ इलेक्शन ऑफिसर पंजाब की लीडरशिप में जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि सही वोटर रोल एक मजबूत और जीवंत लोकतंत्र की नींव हैं और चुनावी प्रक्रिया की ईमानदारी बनाए रखने के लिए लोगों की सक्रिय भागीदारी बहुत जरूरी है। डिप्टी कमिश्नर ने लोगों से अपील की कि वे चुनाव अधिकारियों के साथ पूरा सहयोग करें और यह पक्का करने में मदद करें कि हर योग्य वोटर का नाम वोटर रोल में सही ढंग से रजिस्टर हो।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए योग्य नागरिकों के नाम वोटर रोल में शामिल किए जाते हैं। उन्होंने लोगों को अपनी वोटर डिटेल्स चेक करने और अगर जरूरी हो, तो बताए गए फॉर्म के जरिए उसमें बदलाव करने, रजिस्टर करने या दूसरे जरूरी बदलाव करने के लिए भी बढ़ावा दिया।

जिला चुनाव अधिकारी ने कहा कि इस काम का मुख्य मकसद मौजूदा वोटरों का 2003 की वोटर रोल से मिलान करना है। उन्होंने वोटरों से अपील की कि अगर किसी वोटर या उसके परिवार के किसी सदस्य का वोट किसी वजह से 2003 की वोटर रोल से मैच नहीं हो रहा है या नहीं हुआ है, तो वे अपने-अपने ठस्र से संपर्क करें और पक्का करें कि मिलान का प्रोसेस पूरा हो जाए।

डॉ. हिमांशु अग्रवाल ने कहा कि इन कैंपों के दौरान युवाओं में वोटर रजिस्ट्रेशन और चुनाव में हिस्सा लेने के बारे में जागरूकता पैदा करने पर भी खास जोर दिया गया है। इस मौके पर चुनाव तहसीलदार विजय चौधरी और दूसरे अधिकारी भी मौजूद थे।




# नामधारी पंथ सादगी, सच्चाई और नशा-मुक्त जीवन की मिसाल: गवर्नर गुलाब चंद कटारिया



जीत समाचार श्री भैणी साहिब (लुधियाना) कमल पवार।

पंजाब के गवर्नर श्री गुलाब चंद कटारिया ने आध्यात्मिक और धार्मिक स्थल श्री भैणी साहिब (लुधियाना) का दौरा किया, जहां उन्होंने धार्मिक धरोहर स्थल श्री भैणी साहिब के दर्शन किए और आध्यात्मिक गुरमत समागम को भी संबोधित किया। नामधारी संप्रदाय के दुनिया भर में प्रमुख सतगुरू उदय सिंह ने पंजाब के गवर्नर गुलाब चंद कटारिया का स्वागत किया और नामधारी समुदाय द्वारा अपनाई गई आध्यात्मिक परंपराओं और मानवीय मूल्यों के बारे में जानकारी दी।

इस मौके पर, पंजाब के स्टेट इन्फॉर्मेशन कमिश्नर श्री हरप्रीत संधू की बनाई मशहूर धार्मिक धरोहर ष्सचखंड श्री दरबार साहिब अमृतसरष को दिखाती एक खास पेंटिंग सतगुरू उदय सिंह जी ने पंजाब के गवर्नर श्री गुलाब चंद कटारिया को पवित्र यादगार के तौर पर भेंट की।

पंजाब का गवर्नर बनने के बाद श्री गुलाब चंद कटारिया का यह पहला श्री भैणी साहिब दौरा था। इस दौरे के दौरान, गवर्नर ने श्री भैणी साहिब के अंदर पवित्र जगह राम मंदिर का भी दौरा किया, जहाँ 1857 में अंग्रेजों के खिलाफ कूका आंदोलन शुरू हुआ था। गवर्नर ने राम मंदिर के अंदर लगी फोटो प्रदर्शनी भी देखी। इसके बाद, उन्होंने नामधारी गौशाला का भी दौरा किया जहाँ उन्होंने गायों को गुड़ खिलाया और गायों की सुरक्षा और भलाई के लिए किए जा रहे समर्पित प्रयासों की भी तारीफ की। श्री गुलाब चंद कटारिया ने सतगुरू उदय सिंह की मौजूदगी में श्री भैणी साहिब में हुए गुरमत समागम में भी हिस्सा लिया, जहाँ उन्होंने कीर्तन सुना। इस मौके पर चीफ इन्फॉर्मेशन कमिश्नर पंजाब इंदरपाल सिंह धन्ना और पंजाब स्टेट इन्फॉर्मेशन कमिश्नर हरप्रीत संधू भी गुरमत समागम में शामिल हुए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गवर्नर गुलाब चंद कटारिया ने कहा कि श्री सतगुरू राम सिंह जी ने ब्रिटिश साम्राज्य के खिलाफ गुटनिरपेक्ष आंदोलन शुरू करके भारत की आजादी की लड़ाई की नींव रखी और देश को धार्मिक, सामाजिक और राजनीतिक मार्गदर्शन दिया और उन्होंने सत्य, सत्याग्रह और अहिंसा के सिद्धांतों को कायम रखा और इन सिद्धांतों को अपनाकर देश के आजादी के आंदोलन में अहम योगदान दिया। सतगुरू राम सिंह जी की सोच को समाज सुधार का आधार बनाने की जरूरत है।

कूका शहीदों की कुर्बानियों का जिक्र करते हुए गुलाब चंद कटारिया नें आगे कहा कि सतगुरू राम सिंह जी नें बहादुर क्रांतिकारी पैदा किए, जिन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ बहादुरी से लड़ाई लड़ी और देश को आजाद कराने के लिए बंदूकों के सामने खड़े होकर अपनी जान कुर्बान कर दी। उन्होंने कहा कि 66 नामधारी सिंहों को अंग्रेजों ने मलेरकोटला में गोली मार दी थी और कई नामधारी सिंहों को लुधियाना, रायकोट और अमृतसर में सरेआम फांसी पर लटका दिया गया था। उन्होंने कहा कि आजादी की लड़ाई में पंजाबियों ने सबसे ज्यादा कुर्बानियां दीं और नामधारी सिंहों ने भी आजादी की लड़ाई में बहुत कुर्बानियां दीं, जिन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि यह नामधारी सतगुरू राम सिंह जी ही थे जिन्होंने गुरूओं के दिखाए अहिंसा के रास्ते पर चलते हुए अंग्रेजों और उनके दिए गए आराम का पूरी तरह से बायकॉट किया था। इतिहास गवाह है कि देश की आजादी की असली नींव कूकाओं ने मलेरकोटला की पवित्र धरती से रखी थी। पंजाब के गवर्नर ने नामधारी पंथ को सादगी, सच्चाई और विनम्रता का स्रोत बताते हुए संगत से अपील की कि हमें इस पंथ और गुरूओं के दिखाए रास्ते पर चलकर भगवान को पाने की कोशिश करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर कोई 100 परसेंट नशा मुक्त समाज है, तो वह नामधारी पंथ है। असल में, उन्होंने चाय पीना भी छोड़ दिया है। ऐसे कल्चर को इंस्पायर करने वाला इंसान ही एक अच्छा समाज बना सकता है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि असल में, सतगुरू राम सिंह के चरणों में सिर झुकाकर ही पंजाब को ड्रग-फ्री पंजाब बनाने में कामयाबी मिलेगी। उन्होंने कहा कि नामधारी पंथ ने हमेशा एनवायरनमेंट, एग्रीकल्चर और स्पोर्ट्स को बढ़ावा दिया है।

इस मौके पर, सतगुरू उदय सिंह ने गुरमत समागम के दौरान पंजाब के गवर्नर गुलाब चंद कटारिया, चीफ इन्फॉर्मेशन कमिश्नर पंजाब इंदरपाल सिंह धन्ना और पंजाब स्टेट इन्फॉर्मेशन कमिश्नर हरप्रीत संधू को सिरोपा और दूसरे सम्मानों से भी सम्मानित किया।

आखिर में, पंजाब के गवर्नर ने सतगुरू उदय सिंह को उनकी गर्मजोशी से की गई मेहमाननवाजी के लिए धन्यवाद दिया और आध्यात्मिक और कल्चरल परंपराओं को बनाए रखने और बढ़ावा देने के लिए नामधारी पंथ की कोशिशों की तारीफ की।

## इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया की डायरेक्टर जनरल डॉ. सीमा खन्ना और चीफ इलेक्शन ऑफिसर पंजाब अनिंदा मित्रा ने श्री हरमंदिर साहिब में माथा टेका



जीत समाचार अमृतसर(ब्यूरों)। इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया की डायरेक्टर जनरल डॉ. सीमा खन्ना और चीफ इलेक्शन ऑफिसर पंजाब श्रीमती अनिंदा मित्रा ने आज सचखंड श्री हरमंदिर साहिब, अमृतसर में माथा टेका और गुरु घर का आशीर्वाद लिया। इस मौके पर, उन्होंने पवित्र मंदिर के दर्शन किए और सभी की भलाई के लिए प्रार्थना की। श्री हरमंदिर साहिब के अपने दौरे के दौरान, उन्होंने गुरबानी कीर्तन का आनंद लिया और सिख धर्म के इस महान आध्यात्मिक केंद्र की परंपराओं और विरासत के बारे में भी जानकारी हासिल की। इसके बाद, डॉ. सीमा खन्ना ने श्री दुर्गियाना मंदिर में भी माथा टेका।

इस मौके पर अमृतसर के डिप्टी कमिश्नर श्री दलविंदरजीत सिंह, इलेक्शन डिपार्टमेंट और डिस्ट्रिक्ट एडमिनिस्ट्रेशन के दूसरे सीनियर अधिकारी भी मौजूद थे।




# रंग-बिरंगा पंजाब बनाने के लिए ड्रग्स के खिलाफ जंग अब लोगों के सपोर्ट से लोगों की लहर बन गई है - धालीवाल



जीत समाचार अमृतसर/अजनाला (ब्यूरों)- आम आदमी पार्टी के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता, डा। और पूर्व मंत्री श्री कुलदीप सिंह धालीवाल ने कहा कि रंगीन पंजाब बनाने के लिए ड्रग्स के फैलाव की कब्र खोदने के लिए मुख्यमंत्री पंजाब श्री भगवंत सिंह मान की सरकार द्वारा शुरू की गई ड्रग्स के खिलाफ जंग अब लोगों की जागरूकता की लहर बन गई है और इस आंदोलन के तहत पंजाब के शांतिप्रिय नागरिकों, समाजसेवियों और राज्य सरकार द्वारा बनाई गई ग्रामीण रक्षा कमेटियों के 1.25 लाख सदस्यों की बदौलत ड्रग्स के खिलाफ जंग को सफलता मिली है। नतीजतन, सैकड़ों ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। 2700 किलोग्राम से ज़्यादा हेरोइन, आइस ड्रग्स वगैरह सिंथेटिक ड्रग्स बरामद किए गए, ड्रग तस्करों की प्रॉपर्टी पर पीला पंजा (बुलडोजर) चलाया गया, ड्रग्स की काली कमाई से बनाई प्रॉपर्टी जब्त की गई, जिसमें करोड़ों की ड्रग मनी जब्त करना भी शामिल है। श्री धालीवाल आज अजनाला मैं क्ड अजनाला श्रीमती चारूमिता, वैक्ट गुरदीप सिंह, ठक्व्ह सितारा सिंह विर्क की अध्यक्षता में सरकार की तरफ से ड्रग्स के खिलाफ आयोजित जागरूकता समारोह को मुख्य मेहमान के तौर पर संबोधित कर रहे थे। समारोह में अजनाला हलके के 183 गांवों की ग्रामीण रक्षा कमेटियों के इंचार्ज, अजनाला और रमदास शहरी वार्डों की रक्षा कमेटियों के इंचार्ज, पार्षद, पूर्व पार्षद और नशा विरोधी समाज सेवी संस्थाओं के नेता बड़ी संख्या में मौजूद थे। श्री धालीवाल ने साफ ऐलान किया कि मान सरकार की तरफ से ड्रग्स की कब्र खोदने के लिए शुरू की गई ड्रग्स के खिलाफ जंग तब तक जारी रहेगी जब तक पंजाब ड्रग्स से आजाद नहीं हो जाता। उन्होंने ग्रामीण और शहरी रक्षा कमेटियों के सभी सदस्यों, जिसमें नशा विरोधी समाज सेवा संगठन भी शामिल हैं, से अपील की कि वे भगवंत मान सरकार द्वारा नशे को जड़ से खत्म करने के लिए शुरू की गई नशे के खिलाफ लड़ाई का सक्रिय हिस्सा बनें और गांवों और शहरी वार्डों के रखवाले बनकर नशा मुक्त, रंगीन, स्वस्थ पंजाब बनाने में ऐतिहासिक भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा नीत केंद्र सरकार भी पंजाब में नशों के फैलाव के लिए बराबर की जिम्मेदार है और कहा कि केंद्र सरकार पंजाब के अधिकारों पर कथित रूप से डाका डालने और पंजाब के हितों की रक्षा के लिए किए जा रहे सौतेले व्यवहार को जारी रखने के अलावा, सीमावर्ती राज्य पंजाब में नशे के कारोबार पर नकेल कसने के लिए राज्य की मान सरकार को विशेष सुरक्षा और आर्थिक पैकेज देने की सौतेली नीति के तहत चुप बैठी है, जबकि मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान, केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह, विदेश मंत्रालय, गृह मंत्रालय और अन्य केंद्रीय मंत्रियों ने डराने-धमकाने की तकनीकों का इस्तेमाल करके पाकिस्तान द्वारा सीमा पार से नशों और घातक आग्नेयास्त्रों की खेप भेजने की भारत विरोधी साजिश को खत्म करने के लिए पंजाब की 533 किलोमीटर लंबी भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा को सील करने के दिए गए प्रस्तावों को लागू करने के बजाय अब तक फाइलों के ढेर के नीचे दबा दिया है। राज्य सरकार ने अपने संसाधनों से पाकिस्तान से आने वाले ड्रोन के जरिए नशे के धंधे को रोकने की कोशिश की है और पंजाब में इंटरनेशनल बॉर्डर पर तीन सेंसिटिव जगहों पर 52 करोड़ रूपये की लागत से एंटी-ड्रोन सिस्टम लगाए हैं। समारोह के आखिर में, शपथ-ग्रहण जागरूकता समारोह में हिस्सा लेने वाले सभी नशा-विरोधी सामाजिक कार्यकर्ताओं और ग्रामीण रक्षा कमेटियों को प्रशासन की तरफ से सामूहिक शपथ दिलाई गई कि वे नशा तस्करों के बारे में प्रशासन को जानकारी देंगे और नशा करने वालों को नशा छुड़ाने के लिए प्रेरित करेंगे और उन्हें सरकारी नशा मुक्ति केंद्रों तक ले जाएंगे।

# महा-सर्वे 2027 के रण में पूर्व मंत्री डॉ. बलवीर सिंह सिद्धू का बढ़ा कद विपक्षियों की बढ़ी धड़कनें!



जीत समाचार चंडीगढ़/मोहाली (विशेष ब्यूरों)। पंजाब विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर राज्य में राजनीतिक बिसात बिछनी शुरू हो गई है। ॹजीत समाचारॹ के विशेष चुनावी विश्लेषण के अनुसार, इस बार के चुनाव में पूर्व मंत्री डॉ. बलवीर सिंह सिद्धू एक बेहद निर्णायक और मजबूत चेहरे के रूप में उभर रहे हैं। मोहाली और पंजाब की राजनीति में उनके प्रशासनिक अनुभव और मजबूत पकड़ को देखते हुए विपक्षी खेमों में अभी से खलबली मच गई है।

**पूर्व मंत्री के तौर पर किया काम आ रहा है काम :** डॉ. बलवीर सिंह सिद्धू के पास कैबिनेट मंत्री के रूप में काम करने का लंबा और व्यावहारिक अनुभव है। जनता के बीच चर्चा है कि उनके कार्यकाल के दौरान मोहाली और पंजाब के अन्य हिस्सों में जो विकास कार्य हुए थे, लोग आज भी उन्हें याद करते हैं। ॹजीत समाचारॹ के जमीनी सर्वे के अनुसार, एक अनुभवी पूर्व मंत्री के रूप में उनकी साफ-सुथरी छवि और प्रशासनिक सूझबूझ का लाभ उन्हें आगामी चुनाव में सीधा मिलता दिख रहा है।

**2027 के चुनाव समीकरणों पर सीधा असर :** राजनीतिक रणनीतिकारों का मानना है कि पूर्व मंत्री डॉ. सिद्धू की इस बढ़ती सक्रियता का सीधा असर 2027 के समीकरणों पर पड़ेगा।

**विपक्ष की चिंता:** डॉ. सिद्धू की रणनीति को काटने के लिए विपक्षी दलों को नए सिरे से अपनी योजनाएं बनानी पड़ रही हैं।

**त्रिकोणीय मुकाबला:** राज्य में सत्ताधारी दल और अन्य बड़ी पार्टियों के बीच होने वाले मुकाबले को उनका प्रभाव पूरी तरह बदलने की क्षमता रखता है।

**एंटी-इंकम्बेंसी का फायदा:** वर्तमान व्यवस्था के प्रति जनता में व्याप्त नाराजगी का सीधा लाभ पूर्व मंत्री के पक्ष में जाता दिख रहा है।

**'अनुभवी चेहरे की है जरूरत' - राजनीतिक पंडित :** वरिष्ठ राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है, 'पंजाब को इस समय एक अनुभवी नेतृत्व की जरूरत है। डॉ. बलवीर सिंह सिद्धू ने पूर्व मंत्री के रूप में अपनी क्षमताएं साबित की हैं। 2027 का चुनाव विकास और अनुभव पर लड़ा जाएगा, जहां सिद्धू काफी आगे खड़े नजर आते हैं।'

फिलहाल, 'जीत समाचार' की इस विशेष रिपोर्ट से यह साफ है कि जैसे-जैसे 2027 के चुनाव नजदीक आएंगे, पंजाब की सियासत पूर्व मंत्री डॉ. बलवीर सिंह सिद्धू के इर्द-गिर्द और अधिक गर्म होने वाली है।

# मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने 'एसपायर टैलेंट हंट' का पोस्टर जारी किया




जीत समाचार शिमला(ब्यूरों) । रविवार को शिमला में मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने 'एसपायर टैलेंट हंट' का पोस्टर जारी किया। उन्होंने कहा कि 27 सितंबर को आयोजित इस टैलेंट हंट के माध्यम से मेधावी विद्यार्थियों के लिए सुपर-50 बैच का चयन किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त, मुख्यमंत्री ने कहा कि संस्थान 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट' के 15 बच्चों को नीट एवं जेईई की निःशुल्क कोचिंग प्रदान करेगा। कोचिंग, अध्ययन सामग्री तथा अन्य शैक्षणिक आवश्यकताओं का पूरा खर्च संस्थान वहन करेगा।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने लगभग 6,000 निराश्रित बच्चों को 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट' का दर्जा देकर उनकी शिक्षा और भविष्य की जिम्मेदारी उठाई है। साथ ही, 'इंदिरा गांधी सुख-शिक्षा योजना' के माध्यम से विधवा एवं एकल महिलाओं के बच्चों की शिक्षा में भी सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

इस अवसर पर सचिव आशीष सिंहमार, अतिरिक्त प्रधान निजी सचिव राजीव कुमार और एस्पायर के प्रबंध निदेशक योगेंद्र मीणा भी मौजूद रहे।

# नगवाई में बस और कार की जोरदार टक्कर, कई घायल



जीत समाचार मंडी(ब्यूरों)। मंडी जिले के नगवाई क्षेत्र में रविवार दोपहर एक निजी बस और कार के बीच हुई जोरदार टक्कर से अफरा-तफरी मच गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि बस का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि कार भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई और स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया। हादसे में कुछ यात्रियों और वाहन सवारों के घायल होने की सूचना है। घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक तौर पर हादसे का कारण तेज रफ्तार या लापरवाही माना जा रहा है, हालांकि वास्तविक कारण जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

हादसे के चलते कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा। पुलिस ने लोगों से सड़क पर सावधानी बरतने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की हैं।

# सराज क्षेत्र के नीरू गांव में दो मंजिला मकान जलकर राख, गरीब परिवार बेघर

जीत समाचार मंडी। हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के सराज क्षेत्र से एक दुखद समाचार सामने आया है। यहां की ग्राम पंचायत थाटा के अंतर्गत आने वाले नीरू गांव में एक भीषण आग लगने से एक गरीब परिवार का दो मंजिला मकान जलकर पूरी तरह राख हो गया।

### पल भर में उजड़ गया आशियाना

प्राप्त जानकारी के अनुसार, आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि स्थानीय लोग और दमकल विभाग के पहुंचने से पहले ही पूरा घर इसकी चपेट में आ गया। इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में परिवार की मेहनत की कमाई से बना आशियाना जलकर खाक हो गया, जिससे परिवार अब बेघर हो गया है। घर में रखा सारा सामान, अनाज और अन्य जरूरी वस्तुएं भी आग की भेंट चढ़ गई।



### पीड़ित परिवार को सहायता की दरकार

आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। घटना के बाद से ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। स्थानीय प्रशासन ने मौके का जायजा लेना शुरू कर दिया है। प्रभावित परिवार ने प्रशासन से उचित मुआवजे और फौरी राहत की गुहार लगाई है ताकि वे अपना जीवन फिर से पटरी पर ला सकें।

# 19 ग्राम चिट्टा के 4 युवक गिरफ्तार

जीत समाचार रोहड़ू (ब्यूरों)। रोहड़ू में नशा तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत जिला शिमला पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। डिटेक्शन सैल, रोहड़ू की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर महेंदली क्षेत्र में नाकाबंदी कर एक संदिग्ध वाहन को रोका। तलाशी के दौरान वाहन में सवार चार युवकों के कब्जे से 19 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद की गई। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए पंजाब के चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर




लिया तथा तस्करी में प्रयुक्त वाहन को भी कब्जे में ले लिया। इस संबंध में पुलिस थाना रोहड़ू में एनडीपीएस अधिनियम की धारा 21, 25 एवं 29 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले के हर पहलू की गहनता से जांच कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि बरामद नशीला पदार्थ कहां से लाया गया था और इसकी आपूर्ति कहां की जानी थी। जिला शिमला पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रखने की बात कही है।



## सुंदरनगर में 9 जून को विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

जीत समाचार सुंदरनगर।
विद्युत उपमंडल सुंदरनगर के अंतर्गत विद्युत अनुभाग जैदेवी में 33 केवी पंगाणा फीडर की आवश्यक मरम्मत एवं रखरखाव कार्य के चलते मंगलवार 9 जून 2026 को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत उपमंडल सुंदरनगर के सहायक अभियंता ई. राजन गौर ने जानकारी दी कि इस दौरान जैदेवी, कटेरू, सुकीबनिन, डोलधर, घिड़ी, थामरी, सैंजी, पलोहटा तथा बाढू सहित आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है। मौसम एवं अन्य परिस्थितियों के अनुसार कार्य में परिवर्तन संभव है।

## हमीरपुर में 12 सेंटरों पर 3085 उम्मीदवारों ने दी सेट की परीक्षा

जीत समाचार हमीरपुर (ब्यूरो)। हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग (एचपीपीएससी) द्वारा रविवार को आयोजित स्टेट एलिजिबिलिटी टेस्ट (सेट) की परीक्षा हमीरपुर में भी सभी आवश्यक प्रबंधों के साथ करवाई गई। एडीसी अभिषेक कुमार गर्ग ने बताया कि इस परीक्षा के 4170 उम्मीदवारों के लिए हमीरपुर शहर और इसके आसपास के शिक्षण संस्थानों में 12 सेंटर बनाए गए थे। उन्होंने बताया कि सुबह के सत्र के दौरान पेपर-1 में 3085 उम्मीदवार उपस्थित हुए। शाम के सत्र में 3073 उम्मीदवारों ने पेपर-2 दिया। एडीसी ने बताया कि सभी 12 परीक्षा केंद्रों पर इस महत्वपूर्ण परीक्षा को सुचारू ढंग से संपन्न करवाने के लिए कड़े प्रबंध किए गए थे। इसके अलावा उम्मीदवारों की सुविधा का भी विशेष ध्यान रखा गया और परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने के लिए विशेष बसों का प्रावधान भी किया गया था।

# भूकम्प प्रभावित परिवारों की हर संभव सहायता करेगी सरकार : केवल सिंह पठानिया

### विधायक ने प्रभावित गांवों का दौरा कर लिया नुकसान का जायजा, अधिकारियों को दिए शीघ्र राहत के निर्देश



जीत समाचार शाहपुर।
शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने शनिवार को विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के भूकम्प प्रभावित गांवों भौंठु, रावा, खड़ी बही, करेरी तथा नौरा का दौरा कर प्रभावित परिवारों से मुलाकात की और हुए नुकसान का विस्तृत जायजा लिया।

दौरे के दौरान उन्होंने प्रभावित परिवारों के घरों में जाकर उनकी समस्याएं सुनीं तथा उन्हें हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया।

उल्लेखनीय है कि गत 5 जून की रात्रि आए भूकम्प के कारण क्षेत्र के लगभग 50 से 60 परिवार प्रभावित हुए हैं। भूकम्प से सर्वाधिक नुकसान कच्चे मकानों को पहुंचा है।

केवल सिंह पठानिया ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी प्रभावित घरों का शीघ्र सर्वेक्षण कर नुकसान का विस्तृत आकलन किया जाए तथा रिपोर्ट तुरंत सरकार को प्रेषित की जाए, ताकि प्रभावित परिवारों को जल्द से जल्द राहत एवं उचित मुआवजा उपलब्ध करवाया जा सके।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार भूकम्प प्रभावित परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी है और किसी भी प्रभावित परिवार को परेशानी में नहीं छोड़ा जाएगा।

उन्होंने कहा कि शाहपुर विधानसभा क्षेत्र का प्रत्येक नागरिक उनके परिवार का हिस्सा है तथा इस कठिन समय में वे स्वयं प्रभावित लोगों के साथ खड़े रहकर उनकी हर संभव सहायता सुनिश्चित करेंगे।

उपमुख्य सचेतक ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि प्रभावित क्षेत्रों में पेयजल, विद्युत तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं की स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जाए, ताकि लोगों को किसी प्रकार की अतिरिक्त परेशानी का सामना न करना पड़े।

इस अवसर पर जल शक्ति विभाग के अधिशासी अभियंता अमित डोगरा, डीएफओ अमित शर्मा, तहसीलदार शाहपुर दीक्षांत ठाकुर, लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता नीरज गर्ग, उपमुख्य सचेतक के सलाहकार विनय, कानूनगो देवेंद्र, रावा-खड़ी बही पंचायत की प्रधान रानी देवी, उपप्रधान हेमराज सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

## रैडक्रास सोसाइटी ने नादौन में लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर, 65 लोगों की जांच



जीत समाचार नादौन। रैडक्रास सोसाइटी की जिला और उपमंडलीय इकाई ने रविवार को यहां फोरलेन पुल एवं जल शक्ति विभाग के पंप हाउस के पास स्थित रोटरी क्लब के प्रांगण में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया।

स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से आयोजित इस शिविर में लगभग 65 लोगों की निशुल्क जांच की गई। इस दौरान कई लोगों के टेस्ट भी किए गए। 3 लोग टीबी और 2 लोग मधुमेह से ग्रस्त पाए गए। इन्हें निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गई।

उपायुक्त एवं जिला रैडक्रास सोसाइटी की अध्यक्ष गंधर्वा राठौड़ ने भी शिविर में पहुंचकर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

उन्होंने बताया कि रैडक्रास सोसाइटी जिले भर में रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जांच शिविर और कई अन्य गतिविधियां आयोजित कर रही है।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय अत्री, एसडीएम एवं रैडक्रास सोसाइटी की उपमंडलीय इकाई के अध्यक्ष निशांत शर्मा, बीएमओ, अन्य चिकित्सक, स्वास्थ्य कर्मी, जिला रैडक्रास सोसाइटी के सचिव लवकेश शर्मा और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।









## गैस सिलेंडर वितरण सूचना

08/06/2026 को चढ़ियार गैस सर्विस द्वारा निम्न क्षेत्रों में गैस सिलेंडर वितरण किया जाएगा
भुलाना गांव के अंदरः चम्बे दा बेहू, माझेर, झीकला बेहू।
अन्य क्षेत्रः जानस, ननवार, सलेहरा, डोली, बरवाल बस्ती, डांगोर, छेक, मटियाल, चोरदु, रूपहर तथा त्रओहन।
सूचनाः 08/06/2026 हमारे कार्यालय या गोदाम से कोई भी सिलेंडर वितरण नहीं किया जाएगा।
यदि आपके कोई सुझाव, सूचना या शिकायतें हैं, तो कृपया सुबह 9:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक निम्न नंबरों पर संपर्क करें।
01894-257444, 01894-257666
चढ़ियार गैस सर्विस
आपकी सेवा में सदैव तत्पर।


